


हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी


अनमोल वचन

तीर को भी आगे छोड़ने से पहले, पीछे खीचना पड़ता है,
उसी तरह अच्छे दिनों के लिए,बुरे दिनों से लड़ना पड़ता है ।


सोमवार 09 फ़रवरी 2026 बर्ष 02 अंक 134 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


## सीटेट परीक्षा केंद्र से मुन्ना भाई गिरफ्तार
## बायोमेट्रिक जांच में खुली पोल

*अनुमंडल संवाददाता, राजगीर, राजीव लोचन की रिपोर्ट।*





केशववाणी । सिलाव थाना क्षेत्र स्थित कैम्ब्रिज स्कूल परीक्षा केंद्र पर रविवार को आयोजित केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) के दौरान फर्जी परीक्षार्थी बनकर परीक्षा दे रहे एक युवक को प्रशासन ने गिरफ्तार कर लिया। बायोमेट्रिक सत्यापन के दौरान अंगूठे का निशान मेल नहीं खाने पर उसकी पहचान उजागर हुई, जिसके बाद परीक्षा केंद्र पर हड़कंप मच गया।

गिरफ्तार युवक की पहचान हिलसा थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 11 निवासी मो. समीम अख्तर के पुत्र मो. रागिब अली के रूप में की गई है। वह हिलसा निवासी मो. हसीब आलम के पुत्र मो. फैयाज के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। बताया जा रहा है कि उसने पहचान छिपाने के लिए दस्तावेजों में भी बदलाव किया था, ताकि किसी को संदेह न हो।

परीक्षा की दूसरी पाली के दौरान बायोमेट्रिक मिलान में गड़बड़ी सामने आई। जांच में पाया गया कि उसका अंगूठा पंजीकृत अभ्यर्थी से मेल नहीं खा रहा है। इसके बाद परीक्षा केंद्र संचालक को दिल्ली से भी सूचना प्राप्त हुई। संदेह पुख्ता होते ही युवक को पकड़कर स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन के हवाले कर दिया गया।

प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रहलाद कुमार ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि वह दूसरे अभ्यर्थी के बदले परीक्षा देने आया था। उन्होंने कहा कि तकनीकी जांच और बायोमेट्रिक प्रणाली के कारण इस तरह की गड़बड़ियों पर आसानी से अंकुश लगाया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। साथ ही इस फर्जीवाड़े में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा की निष्पक्षता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और इस तरह की हरकत करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## होम्योपैथिक साइंस कांग्रेस 2026 का आयोजन, डॉ. बी. साहनी की 101वीं जयंती पर वैज्ञानिकों ने साझा किए विचार

**अमर वर्मा की रिपोर्ट। केशववाणी । बिहारशरीफ (नालंदा)।** पटना। पटना के उत्तर–पश्चिम स्थित गांधी मैदान परिसर में अनुग्रह नारायण सिंह सामाजिक अध्ययन संस्थान में रविवार को महान वैज्ञानिक एवं दूरदर्शी शोधकर्ता डॉ. बी. साहनी की 101वीं जयंती के अवसर पर होम्योपैथिक साइंस कांग्रेस सोसाइटी, पटना द्वारा होम्योपैथिक साइंस कांग्रेस 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री डॉ. राज भूषण चौधरी, बिहार सरकार की पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री रमा निषाद, राष्ट्रीय आयोग होम्योपैथी (नई दिल्ली) के शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. रजत चट्टोपाध्याय तथा होम्योपैथिक साइंस कांग्रेस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. एम.के. साहनी समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से राष्ट्रगान एवं दीप प्रज्वलन कर किया। इसके बाद डॉ. बी. साहनी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई।
केंद्रीय मंत्री डॉ. राज भूषण चौधरी ने डॉ. साहनी के व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि जो व्यक्ति जमीन से जुड़े रहते हैं, वे ही शिखर तक पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. साहनी ने मानवता को विशिष्ट होम्योपैथिक चिकित्सा प्रणाली का अमूल्य उपहार दिया। उन्होंने युवाओं से सिद्धांतों पर केंद्रित रहने की अपील की। मंत्री रमा निषाद ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार दोनों स्तरों पर होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के विकास और विस्तार के लिए गंभीरता से कार्य कर रही हैं।
स्वागत भाषण देते हुए डॉ. एम.के. साहनी ने कहा कि उन्हें अपने पिता डॉ. बी. साहनी से होम्योपैथिक चिकित्सा का अनुभव विरासत में मिला है। वहीं डॉ. रामजी सिंह ने बिहार में विशेषकर शिक्षा के क्षेत्र में होम्योपैथिक की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालते हुए समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया।इस अवसर पर डॉ. बी. साहनी के जीवन पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया गया। डॉ. रजत चट्टोपाध्याय ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर होम्योपैथिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आयोग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी तथा शैक्षणिक सुधारों पर वैज्ञानिक व्याख्यान प्रस्तुत किया। आयोजन समिति के सदस्य डॉ. बृज मोहन प्रसाद ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के वैज्ञानिक दृष्टिकोण, शोध और आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देना तथा चिकित्सकों के बीच ज्ञान–विनिमय का मंच उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष डॉ. आदिल चिमठनवाला, बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के होम्योपैथी संकाय के डीन डॉ. भारत कुमार सिंह, डॉ. मेघा लॉयर, डॉ. रजत द्विवेदी, डॉ. बलवंत कुमार सिंह, डॉ. पंकज कुमार सिंह सहित कई चिकित्सक एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## चार पर्यटकों की संदिग्ध मौत की जांच को दिगम्बर जैन धर्मशाला पहुंची भाकपा माले की टीम, प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप



**अनुमंडल संवाददाता, राजगीर , राजीव लोचन की रिपोर्ट। केशववाणी । राजगीर (नालंदा)।** राजगीर (नालंदा)। दिगम्बर जैन धर्मशाला में चार पर्यटकों की संदिग्ध मौत के मामले की जांच को लेकर रविवार को भाकपा माले की जिलास्तरीय टीम मौके पर पहुंची। टीम ने धर्मशाला प्रबंधन से घटना की जानकारी ली और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए। जांच दल में जिला स्थायी समिति के सदस्य बिरेश कुमार, जिला कमेटी सदस्य रामाधीन प्रसाद तथा राजगीर इकाई के निरंजन भारती शामिल थे। टीम ने बताया कि 31 जनवरी को कर्नाटक से एक ही परिवार के चार जैन तीर्थयात्री राजगीर पहुंचे थे। इनमें 74 वर्षीय दिव्यांग महिला, 48 वर्षीय महिला, 42 वर्षीय महिला और 45 वर्षीय पुरुष शामिल थे। सभी धर्मशाला में ठहरे हुए थे, जहां उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।बिरेश कुमार ने कहा कि किसी भी होटल या धर्मशाला में प्रतिदिन कमरों की साफ–सफाई होती है, जिससे वहां ठहरे लोगों की स्थिति की नियमित जानकारी मिलती रहती है।लेकिन धर्मशाला प्रबंधन ने स्वीकार किया कि यहां कोई सफाईकर्मी नियुक्त नहीं है। इसे
उन्होंने प्रबंधन की घोर लापरवाही बताते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में पर्यटकों की सुरक्षा और निगरानी पर सवाल खड़े होते हैं। वहीं निरंजन भारती ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन पर भी निशाना साधते हुए कहा कि राजगीर अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल है, जहां देश–विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक और तीर्थयात्री आते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है।
उन्होंने कहा कि धर्मशाला में बुनियादी सुविधाओं और सुरक्षा प्रबंधों की कमी चिंताजनक है।

टीम ने मांग की कि चारों पर्यटकों की मौत के कारणों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और इस मामले में जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## माय भारत कार्यक्रम के तहत अंतरराज्यीय युवा आदान–प्रदान, बिहार के 37 युवाओं ने लिया भाग

**अमर वर्मा की रिपोर्ट। केशववाणी । बिहारशरीफ (नालंदा)।** भारत सरकार के खेल मंत्रालय के 'माय भारत युवा कार्यक्रम' के तहत आयोजित अंतरराज्यीय युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम में नालंदा सहित बिहार के पांच जिलों से आए 37 युवाओं ने भाग लिया। यह पांच दिवसीय कार्यक्रम तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में आयोजित किया गया, जिसमें मेजबान युवा अधिकारी ईशाय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने तेलंगाना की संस्कृति, इतिहास और प्रशासनिक व्यवस्था को नजदीक से जाना। युवाओं ने सालारजंग म्यूजियम, गोलकुंडा किला, डॉ. भीमराव अंबेडकर सचिवालय, तेलंगाना विध. ानसभा सहित कई प्रमुख स्थलों का भ्रमण किया।




समापन समारोह में तेलंगाना विधान परिषद के अध्यक्ष सुखेंद्र रेड्डी ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर कार्यक्रम का समापन किया। इसके बाद सभी 37 सदस्य सिकंदराबाद से पटना के लिए रवाना हुए।कार्यक्रम में शिन्टू कुमार, शिवशंकर कुमार, रोहित कुमार सिंह, आकर्ष कुमार, आशीष कुमार, प्रिरंजन, मुस्कान, सपना कुमारी, दिव्या भारती, लीला सिन्हा समेत अन्य प्रतिभागी शामिल रहे।


Mob:- 9931909825, 7004010773 Abhishek Kr. ( Reporter)
8271042705, 9546290822 (Pankaj Sale & Service)

अजन्ता मैरेज हॉल

यहाँ AC एवं NON AC HALLS की सुविधा उपलब्ध है।



नोटः- हमारे यहाँ शादी-विवाह, रिंग सेरेमनि, रिसेप्शन, बर्थ-डे पार्टी सेमिनार, मीटिंग एवं अन्य अवसर के लिए उत्तम व्यवस्था है।

पताः- मिलपर, कॉलेज & रेलवे स्टेशन रोड नूरसराय (नालन्दा)





Play group to 10th CBSE Circulam

Estd. 2009 Aff. No. - 20140018

BAL BHARTI PUBLIC SCHOOL


(A unit of Bal Bharti Educational & welfare society Regd.)

An English medium Day-cum Residential Call Now -9473489614

# लोटन गांव में दहेज के लिए नवविवाहिता की हत्या, दो माह बाद गेहूं के खेत से शव बरामद

गुड्डू की रिपोर्ट। केशववाणी मानपुर (नालंदा)। मानपुर थाना क्षेत्र के लोटन गांव में दहेज के लिए नवविवाहिता की हत्या का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। घटना के करीब दो माह बाद पुलिस ने गांव के गेहूं के खेत से युवती का शव बरामद किया। शव मिलने की खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए।





मृतका की पहचान सविता कुमारी के रूप में हुई है। उसके भाई रामस्वरूप प्रसाद ने बताया कि सविता की शादी 1 जून 2025 को लोटन गांव निवासी मनीष कुमार से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज में एक गाड़ी और नकद रुपये की मांग की जा रही थी। मांग पूरी नहीं होने पर उसे लगातार प्रताड़ित किया जाता था।

परिजनों के अनुसार 2 दिसंबर को सविता से आखिरी बार फोन पर बात हुई थी। इसके बाद उससे संपर्क टूट गया। कई बार फोन करने के बावजूद बात नहीं हो सकी। 5 दिसंबर को जब परिवार वाले ससुराल पहुंचे तो घर में ताला लटका मिला और आसपास कोई सदस्य मौजूद नहीं था। शक होने पर उन्होंने मानपुर थाना में दहेज हत्या की आशंका जताते हुए आवेदन दिया।

थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार शर्मा ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी थी। छानबीन के दौरान 14 जनवरी को मृतका के पति मनीष कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अन्य आरो. पितों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही थी।

इसी क्रम में शनिवार शाम पुलिस को सूचना मिली कि गांव के एक गेहूं के खेत से तेज बदबू आ रही है। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और खुदाई करवाई। जमीन के अंदर से एक शव बरामद हुआ, जिसकी पहचान सविता कुमारी के रूप में की गई। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया।पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले में अन्य संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

बताया जाता है कि सविता कुमारी खुदागंज थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव निवासी सुरेश प्रसाद की पुत्री थी। वह तीन भाइयों और दो बहनों में एक थी। घटना के बाद से परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



# इसलामपुर में मासिक अपराध समीक्षा बैठक लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन का निर्देश

रानी सिंह की रिपोर्ट। केशववाणी इसलामपुर (नालंदा)। डीएसपी हिलसा–2 द्वारा रविवार को इसलामपुर स्थित कार्यालय परिसर में पुलिस अनुमंडल क्षेत्र की मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल के सभी अंचल निरीक्षक एवं थाना अध्यक्ष उपस्थित रहे।

डीएसपी कुमार ऋषिराज ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लंबित कांडों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से महिला, बच्चों एवं वृद्धजनों से जुड़े मामलों के साथ–साथ एससी/एसटी एक्ट, पॉक्सो एक्ट एवं आर्म्स एक्ट से संबंधित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटाने पर जोर दिया गया।

उन्होंने पुलिस आधुनिकीकरण के तहत पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों का अनु. पालन करने को कहा। इसमें सीसीटीएनएस पोर्टल, ई–साक्ष्य ऐप, एनआईसी और ईमेल का नियमित उपयोग, गंभीर मामलों में फॉरेंसिक टीम की रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्राप्त करना, अवैध खनन एवं शराब माफियाओं के विरुद्ध लगातार छापेमारी तथा भूमि विवाद से संबंधित मामलों का प्रत्येक शनिवार बैठक कर निष्पादन शामिल है।

डीएसपी ने सभी पदाधिकारियों को वरीय अधिकारियों के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने और कानून–व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने का निर्देश दिया।

बैठक में पुलिस निरीक्षक जितेंद्र कुमार, अपर थानाध्यक्ष रामपाल कुमार, अपर थानाध्यक्ष रामप्रवेश प्रसाद, हरिनंदन प्रसाद सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नशे के खिलाफ महिलाओं का फूटा गुस्सा, लहेरी थाना क्षेत्र में जागरुकता बैठक कर कार्रवाई की मांग

प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट। केशववाणी बिहारशरीफ, नालंदा । लहेरी थाना क्षेत्र में बढ़ते नशे के कारोबार और युवाओं के बिगड़ते भविष्य को लेकर स्थानीय महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया है। मोहल्ले की म. हलाओं ने नशे के विरोध में जागरूकता बैठक आयोजित कर पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की।महिलाओं का कहना है कि इलाके में गांजा, शराब, बीयर और सिगरेट का सेवन खुलेआम हो रहा है, जिससे छोटे–छोटे बच्चे भी नशे की चपेट में आ रहे हैं। कई किशोर जुआ खेलने लगे हैं, जिससे परिवारों की स्थिति खराब हो रही है। उन्होंने बताया कि गली–मोहल्लों में युवक बैठकर नशा करते हैं और राह चलती महिलाओं व छात्राओं पर फब्तियां कसते हैं,



जिससे अभिभावकों को शर्मिंदगी झेलनी पड़ती है।सूचना मिलने पर लहेरी थाना प्रभारी रंजीत रजक ने अपने अधिकारियों को बैठक में भेजा। बैठक में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं और ब्रह्मस्थान (वार्ड संख्या 23) को नशे का अड्डा बताते हुए कार्रवाई की मांग की। लोगों ने आरोप लगाया कि बाहरी युवक आकर यहां शराब और गांजा बेचते हैं, जिससे मोहल्ले के बच्चे बर्बाद हो रहे हैं।वार्ड परिषद प्रतिनिधि दिलीप कुमार ने बताया कि इस संबंध में पहले भी आवेदन दिया गया था, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं होने से स्थिति गंभीर हो गई है। अब पुलिस की मदद से नशे के खिलाफ अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है।महिलाओं ने कहा कि अब "नशा नहीं, जिंदगी चाहिए" के संकल्प के साथ वे हर मो. हल्ले में जागरुकता फैलाएंगी। उन्होंने चेतावनी दी कि जहां भी नशे का अड्डा दिखेगा, वहां खुद पहुंचकर विरोध करेंगी और नशा बेचने वालों को पकड़कर पुलिस के हवाले करेंगी।बैठक में संतोष कुमार, विनोद कुमार, अनिल यादव, चंदन कुमार, संगीता देवी, बम भाई, बिट्टू कुमार सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।स्थ. ानीय लोगों के अनुसार, देवीसराय, शिवपुरी, मंगल कुआं, आलमगंज, चांदनी गली, गगन दीवान, रामचंद्रपुर, सोहन कुआं और एशिया होटल के पीछे के इलाकों से युवक यहां नशा करने पहुंचते हैं। लोगों ने पुलिस से नियमित गश्ती और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## नालंदा की विरासत

# सूर्यकुंड का जल सेवन और स्नान से मिलते हैं कई रोगों में लाभ

## सूर्यकुंड का जल मलमास मेले में उमड़ती है लाखों श्रद्धालुओं की भीड़

*अनुमंडल संवाददाता, राजगीर राजीव लोचन की रिपोर्ट। केशववाणी*

राजगीर (नालंदा)। ऐतिहासिक और धार्मिक नगरी राजगीर अपने प्राकृतिक गर्म जलकुंडों के कारण देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी प्रसिद्ध है। यहां मौजूद गर्म जलस्रोतों का ध. ार्मिक, पौराणिक और चिकित्सीय महत्व सदियों से माना जाता रहा है। राजगीर में कुल 22 कुंड और 52 प्राकृतिक गर्म जलधाराएं हैं, जिनमें सूर्यकुंड सबसे प्रमुख और आस्था का बड़ा केंद्र माना जाता है।

स्थानीय मान्यता के अनुसार इन कुंडों में स्नान और जल सेवन से कई प्रकार के रोगों से मुक्ति मिलती है। यही कारण है कि सालभर श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भीड़ यहां लगी रहती है। खासकर छठ महापर्व और मलमास मेले के दौरान यहां जनसैलाब उमड़ पड़ता है।

पंडा कमेटी के सदस्य डॉ. धीरेन्द्र उपाध्याय बताते हैं कि सूर्यकुंड का गर्म जल प्राकृतिक औषधीय गुणों से भरपूर है। इसमें स्नान करने से चर्म रोग, जोड़ों का दर्द और अन्य त्वचा संबंधी बीमारियों में लाभ मिलता है। उनका कहना है कि कई कुष्ठ रोगियों को भी इस जल के नियमित स्नान और सेवन से *राहत मिली है। यह जल स्वच्छ, सुपाच्य और स्वास्थ्यवर्धक माना जाता है, इसलिए कई श्रद्धालु इसे प्रसाद के रूप में भी ग्रहण करते हैं।*




राजगीर में हर ढाई से तीन वर्ष पर प्रसिद्ध मलमास मेला का आयोजन होता है, जिसका धार्मिक महत्व अत्यंत विशेष है। इस वर्ष भी मई माह में मलमास मेला लगने वाला है। मेले के दौरान लाखों श्रद्धालु दूर–दराज के राज्यों से यहां पहुंचते हैं और कुंडों में स्नान कर पुण्य अर्जित करते हैं। सुबह से देर रात तक सूर्यकुंड समेत अन्य कुंडों पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलती हैं।

धार्मिक परंपरा के अनुसार मलमास मेले के दौरान साधु–संतों का विशेष स्नान अनुष्ठान भी होता है। वे पहले गुरुनानक कुंड, फिर सरस्वती कुंड, उसके बाद ब्रह्मकुंड और अंत में सूर्यकुंड में स्नान कर पूजा–अर्चना करते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस अवधि में सनातन धर्म के तैंतीस करोड़ देवी–देवताओं का वास राजगीर में होता है और यहां स्नान करने से सभी तीर्थों के बराबर फल की प्राप्ति होती है।

पर्यटन की दृष्टि से भी सूर्यकुंड राजगीर का प्रमुख आकर्षण बना हुआ है। यहां आने वाले पर्यटक प्राकृतिक गर्म जलध. ाराओं और धार्मिक वातावरण का अनुभव करते हैं। प्रशासन भी मलमास मेला को लेकर सुरक्षा और सुविधाओं की विशेष तैयारी करता है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

कुल मिलाकर, सूर्यकुंड न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि स्वास्थ्य और पर्यटन की दृष्टि से भी राजगीर की पहचान बना हुआ है।

# हरनौत में १२वीं बिहार राज्य बधिर एथलेटिक्स चौंपियनशिप संपन्न, विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर किया गया सम्मानित

**सुनील कुमार की रिपोर्ट केशववाणी** । हरनौत (नालंदा)। हरनौत स्थित राजकीय उच्च विद्यालय 10+2 के फुटबॉल मैदान में रविवार को 12वीं बिहार राज्य बधिर एथलेटिक्स चौंपियनशिप ऑफ द डेफ का सफल समापन हुआ। दो दिवसीय इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से आए 100 से अधिक बधिर खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।

यह चौंपियनशिप कई मायनों में ऐतिहासिक रही। पहली बार राजधानी पटना से बाहर किसी ग्रामीण क्षेत्र में राज्यस्तरीय बधिर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही हरनौत के इतिहास में भी यह पहला अवसर रहा, जब दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए इस स्तर का खेल आयोजन फुटबॉल स्टेडियम में संपन्न हुआ।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए बिहार पैरा स्पोर्ट्स संगठन के अध्यक्ष डॉ. शिवाजी कुमार ने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों को भी सामान्य खिलाड़ियों की तरह समान सुविधाएं मिलनी चाहिए, ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि संसाधनों के अभाव में कई प्रतिभाएं आगे नहीं बढ़ पातीं, इसलिए समाज और सरकार दोनों की जिम्मेदारी है कि वे इन खिलाड़ियों का सहयोग करें।



उद्घाटन समारोह में डॉ. ए. के. सिन्हा सहित अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि चुनौतियों के बावजूद इन खिलाड़ियों की दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत प्रेरणादायक है। ऐसे आयोजनों से समाज में समावेशी सोच को बढ़ावा मिलता है।

प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न एथलेटिक्स इवेंट्स आयोजित किए गए, जिसमें विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों का मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में किशोरी जोजोडिया ने अनुवादक की भूमिका निभाते हुए बधिर खिलाड़ियों और अन्य लोगों के बीच संवाद स्थापित किया।

आयोजन को सफल बनाने में लगभग 25 से अधिक को–पार्टनर्स और स्थानीय सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# केवीके हरनौत में समेकित कृषि प्रणाली पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न, २५ जीविका दीदियों को मिला प्रमाणपत्र

**राकेश पासवान की रिपोर्ट केशववाणी** | हरनौत (नालंदा)। कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) हरनौत में समेकित कृषि प्रणाली से जीविकोपार्जन विषय पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को प्रमाणपत्र वितरण के साथ संपन्न हो गया। प्रशिक्षण में जीविका समूह की 25 दीदियों ने भाग लिया और आधुनिक कृषि एवं स्वरोजगार से जुड़ी विभिन्न तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।

केंद्र की वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. सीमा कुमारी ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना तथा कृषि आधारित अतिरिक्त रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को पशुपालन, जैविक खेती, वर्मी कंपोस्ट निर्माण, पोषण वाटिका तैयार करने तथा गर्मा फसल की उन्नत तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई।उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि होगी और वे स्वरोजगार की दिशा में मजबूत कदम उठा सकेंगी।

प्रशिक्षण में विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने भी मार्गदर्शन दिया। गृह विज्ञान विभाग की वैज्ञानिक डॉ. ज्योति सिन्हा, मृदा विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. यू.एन. उमेश, पशु एवं चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. विद्याशंकर सिन्हा, उद्यान वैज्ञानिक कुमारी विभा रानी तथा प्लांट पैथोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. उदय प्रकाश नारायण ने अपने–अपने विषयों पर विस्तार से जानकारी साझा की।

अंतिम दिन डॉ. उदय प्रकाश नारायण ने मशरूम उत्पादन, पैकेजिंग एवं मार्केटिंग पर विशेष प्रशिक्षण दिया। इसमें मशरूम की गुणवत्ता बनाए रखने, आकर्षक पैकिंग करने तथा बाजार में उचित मूल्य पर बिक्री की तकनीक सिखाई गई।

मौके पर खुशबू, शोभा, रीतु समेत अन्य जीविका दीदियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

# राजस्व कर्मियों की बैठक में उठा समायोजन का मुद्दा, 'राजस्व मित्र' के रूप में बहाली की मांग तेज

**रानी सिन्हा की रिपोर्ट केशववाणी** । नालंदा। राजस्व पटवारी–मुंशी संघ, नालंदा के तत्वावधान में रविवार को परफेक्ट मैन हॉल में एक अति आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले भर से आए संघ के सदस्यों ने भाग लिया और राजस्व कर्मियों के अधिकार, समायोजन तथा भविष्य की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा की।

बैठक में सरकार के ज्ञापांक–556 के तहत अपर सचिव डॉ. महेंद्र पाल, बिहार सरकार से प्राप्त पत्र के आलोक में राजस्व ग्रामों एवं पंचायत स्तर पर कार्यरत कर्मियों की स्थिति पर विचार–विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि जमींदारी उन्मूलन काल से ही राजस्व कर्म. चारी के सहयोगी के रूप में ये कर्मी लगातार अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें नियमित मान्यता नहीं मिल पाई है।



संघ के सदस्यों ने बताया कि वे वर्षों से सरकारी योजनाओं और प्रशासनिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। इसमें प्र। तैयार करना, फेज निर्धारण, अभिलेख व दस्तावेज संधारण, भू–विवाद निपटारा, राजस्व महाअभियान, बैंकिंग कार्य, आपदा प्रबंधन, बाढ़ राहत, कोरोना काल में सेवा सहित कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां शामिल हैं। इसके बावजूद उनकी सेवा शर्तें स्पष्ट नहीं हैं, जिससे उनके समक्ष आजीविका का संकट बना हुआ है।बैठक में सर्वसम्मति से मांग की गई कि सभी कर्मियों को 'राजस्व मित्र' के रूप में समायोजित कर नियमित किया जाए, ताकि उनके जीवन–यापन और भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। संघ ने बिहार सरकार एवं भूमि राजस्व विभाग से इस संबंध में सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की।

अंत में निर्णय लिया गया कि मांगों से संबंधित ज्ञापन सरकार को भेजा जाएगा और जरूरत पड़ने पर आगे आंदोलन की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी।

# रेड क्रॉस सोसाइटी का साप्ताहिक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित, १५० से अधिक मरीजों ने उठाया लाभ

**प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट केशववाणी** | बिहारशरीफ (नालंदा)। भारतीय रेड क्रॉस सा. `साइटी, जिला शाखा नालंदा द्वारा रविवार को विस्तारित भवन श्रम कल्याण केंद्र मैदान में साप्ताहिक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जरूरतमंद एवं निसहाय लोगों को विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच और परामर्श की सुविधा प्रदान की गई।शिविर का मुख्य उद्देश्य गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। जांच करवाने आए लाभार्थियों ने रेड क्रॉस सोसाइटी के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे बेहद उपयोगी बताया। संस्था ने जानकारी दी कि यह स्वास्थ्य जांच शिविर आगे भी प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा।शिविर में कुल 150 से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम बिहारी ने 25, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव कुमार सिंह ने 50 तथा फिजिशियन डॉ. वीरेंद्र कुमार, डॉ. उमेश कुमार सिंह, डॉ. अखिलेश कुमार और डॉ. रश्मि कुमारी ने करीब 60 मरीजों की जांच की। इसके अलावा डॉ.



अमरदीप नारायण ने 10, डॉ. रवि कुमार ने 10, डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम ने 20 तथा होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार और डॉ. रितेश कुमार ने 21 मरीजों का इलाज किया। साथ ही 50 लोगों की मधुमेह (शुगर) जांच भी की गई।शिविर में डॉ. प्रदीप कुमार सिंह (ऑडियोलॉजिस्ट) सहित सभी विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों की समस्याएं सुनकर उचित परामर्श एवं उपचार दिया।आयोजन को सफल बनाने में रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार तथा आजीवन सदस्य प्रमोद पंडित, नागेंद्र कुमार, बृज बिहारी, चंद्रमणि कुमार, वीरश कुमार, राकेश कुमार पंकज, प्रो. स्वधर्म कुमार, साधु शरण प्रसाद, शंभू कुमार कश्यप, एएनएम मुस्कान कुमारी, डॉ. एस.एम. मुजफ्फर जमाल, आकाश रोशन, रागिनी कुमारी, अरुण कुमार और संजय कुमार समेत अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। सभी ने मरीजों के पंजीकरण, कतार प्रबंधन और व्यवस्थाओं को सुचारू रखने में सहयोग दिया।लोगों ने रेड क्रॉस टीम की सेवा भावना और समर्पण की सराहना करते हुए इसे शिविर की सफलता का मुख्य आधार बताया।



# स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना बनी सहारा, Exalt कॉलेज दे रहा निशुल्क शिक्षा व प्लेसमेंट की सुविधा

**राकेश पासवान की रिपोर्ट, केशववाणी** । बिहारशरीफ/नालंदा। बिहार सरकार की 'सात निश्चय' योजना के तहत संचालित स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना अब हजारों युवाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। आर्थिक तंगी के कारण जिन छात्रों की पढ़ाई बीच में रुक जाती थी, अब यह योजना उनके सपनों को नई उड़ान दे रही है।




नालंदा जिले के धमौली बाजार के पास नेशनल हाईवे–20 किनारे स्थित Exalt College of Engineering and Technology ने भी छात्रों को उच्च शिक्षा से जोड़ने की दिशा में सराहनीय पहल की है। कॉलेज के संचालक विकास कुमार ने बताया कि स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से कई प्रोफेशनल कोर्स में छात्रों को निशुल्क पढ़ाई का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

कॉलेज प्रबंधन के अनुसार यहां बी.टेक, बी.फार्मा, पॉलिटेक्निक, नर्सिंग, आईटी. आई, जीएनएम, एएनएम, बीसीए, बीबीए और होटल मैनेजमेंट सहित कई रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। विशेष बात यह है कि पढ़ाई पूरी करने के बाद छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट के जरिए नौकरी की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है।

कॉलेज प्रशासन का कहना है कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली छात्रों को उच्च शिक्षा से जोड़ना है, ताकि कोई भी छात्र केवल पैसों की कमी के कारण अपने भविष्य से समझौता न करे।

स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना और ऐसे कॉलेज की यह पहल उन युवाओं के लिए सुनहरा अवसर बनकर उभर रही है, जो बेहतर शिक्षा प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं।



# यूजीसी के समर्थन में बैठक आयोजित, उच्च शिक्षा में समानता व भेदभाव खत्म करने की मांग

**प्रेम कुमार की रिपोर्ट, केशववाणी** । बिहारशरीफ, नालंदा । शहर के श्रम कल्याण मैदान गेट के पास गुरुसहाय लाल विचार मंच के तत्वावधान में यूजीसी के समर्थन में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद ने की। बैठक में गुरुसहाय लाल विचार मंच के अध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद तथा अतिपिछड़ा/दलित/अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदेव चौधरी ने संयुक्त रूप से कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों में धर्म, नस्ल, जाति, लिंग, जन्म स्थान या विकलांगता के आधार पर किसी भी छात्र–छात्रा के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं दिव्यांग छात्रों के साथ समान व्यवहार सुनिश्चित करने पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि यूजीसी के नए प्रावधानों का उद्देश्य उच्च शिक्षा में समानता को बढ़ावा देना और जाति आधारित भेदभाव को समाप्त करना है। उनके अनुसार, जातिगत भेदभाव में अब अनुसूचित जाति और जनजाति के साथ–साथ अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को भी शामिल किया गया है, जिससे सभी वर्गों को न्याय मिल सके।उन्होंने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 14 सभी नागरिकों को समानता का अधिकार देता है और किसी भी प्रकार के भेदभाव का विरोध करता है। यूजीसी के नियम सभी वर्गों पर समान रूप से लागू होंगे। देश बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान से ही संचालित होगा। बैठक के अंत में उप. स्थित लोगों ने एक स्वर में यूजीसी एक्ट को पूर्ण रूप से लागू करने की मांग की। इस अवसर पर अनिल पासवान, विनोद कुमार (अधिवक्ता), आशुतोष कुमार मौर्य, कल्याण कुमार, मनोज कुमार, महेंद्र प्रसाद, मिथिलेश कुमार, प्रो. शिव कुमार यादव, जाहिद अंसारी, सादिक अजहर, रामप्रीत सिंह चौहान, अवधेश पंडित समेत कई लोग मौजूद रहे।

# 23 खंभों से बिजली तार की चोरी, सिंचाई व्यवस्था ठप; फसलों पर संकट

*राकेश पासवान की रिपोर्ट, केशववाणी* । हरनौत (नालंदा)। हरनौत और वेना थाना क्षेत्र के पोरई एवं निमाकोल गांव के पास चोरों द्वारा बिजली पोल से तार काटकर चोरी किए जाने की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। करीब 23 खंभों से बिजली तार गायब होने के कारण पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है, जिससे किसानों की सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह ठप पड़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली नहीं मिलने से मोटर और पंपसेट बंद पड़े हैं। इसका सीधा असर गेहूं, सब्जी और दलहन की फसलों पर पड़ रहा है। समय पर पटवन नहीं होने से फसलें सूखने लगी हैं और किसानों के सामने भारी नुकसान का खतरा मंडरा रहा है।किसानों का कहना है कि यदि जल्द बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो उनकी मेहनत पर पानी फिर जाएगा। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र *कार्रवाई की मांग की है। इधर, बिजली आपूर्ति प्रशाखा हरनौत के कनिष्ठ अभियंता मनीष कुमार ने बताया कि घटना की जांच सोमवार को की जाएगी। नुकसान का आकलन कर संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।*

# ज्ञानस्थली इंटरनेशनल स्कूल का हुआ भव्य उद्घाटन, जनप्रतिनिधियों ने शिक्षा को बताया विकास की कुंजी

केशववाणी । नगरनौसा (नालंदा)। नगरनौसा–बड़ीहा रोड स्थित ज्ञानस्थली इंटरनेशनल स्कूल का उद्घाटन पूर्व शिक्षा मंत्री सह विधायक हरिनारायण सिंह, मकदूमपुर विधायक सूबेदार दास एवं विधान पार्षद नागेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल रहा।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर अतिथियों का स्वागत किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व शिक्षा मंत्री हरिनारायण सिंह ने कहा कि शिक्षा एक ऐसी संपत्ति है जिसे कोई छीन नहीं सकता। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करने की अपील करते हुए कहा कि शिक्षित बच्चे ही गांव और समाज का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने लड़का और लड़की में भेदभाव नहीं करने की बात कही तथा बताया कि आधुनिक दौर में शिक्षा और बुद्धिमत्ता ही सबसे बड़ी ताकत है। ग्रामीण क्षेत्र में स्कूल खुलने से अब बच्चों को दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।मकदूमपुर विधायक सूबेदार दास ने कहा कि शिक्षा विकास की जननी है और इसके बिना किसी भी समाज या क्षेत्र के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती।इस मौके पर जदयू जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सतीशचंद्र प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष अभय नंदन पांडेय, कैला पैक्स अध्यक्ष रंजीत कुमार, उपमुखिया जितेंद्र कुमार, विद्यालय के निदेशक रवि रंजन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सीटेट परीक्षा में फर्जी परीक्षार्थी गिरफ्तार, बायोमेट्रिक जांच में खुली पोल

जैलेन्द्र कुमार की रिपोर्ट केशववाणी । थरथरी (नालंदा)।थरथरी प्रखंड के सीता शरण मेमोरियल स्कूल में आयोजित सीटेट परीक्षा के दौरान जांच टीम ने एक फर्जी परीक्षार्थी को रंगे हाथ पकड़ लिया। बायोमेट्रिक सत्यापन के समय अंगूठे का मिलान नहीं होने पर उसकी पहचान संदिग्ध पाई गई, जिसके बाद तत्काल कार्रवाई की गई।विद्यालय के प्राचार्य ने सतर्कता दिखाते हुए युवक को पकड़कर थरथरी थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।थानाध्यक्ष साजिद अख्तर ने बताया कि गिरफ्तार युवक की पहचान गया जिले के अतरी थाना क्षेत्र अंतर्गत जज परसा गांव निवासी रघु प्रसाद के पुत्र श्रवण कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि वह अपने दोस्त धीरज की जगह परीक्षा देने आया था।पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है तथा इसमें शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है।

# मनरेगा बचाओ को लेकर कांग्रेस का जिलास्तरीय धरना 10 फरवरी को, पप्पू यादव की गिरफ्तारी को बताया निंदनीय

प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट केशववाणी । बिहारशरीफ (नालंदा)।नालंदा जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा 10 फरवरी 2026, मंगलवार को अस्पताल चौक, बिहारशरीफ के समीप एकदिवसीय जिलास्तरीय 'मनरेगा बचाओ धरना' का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष नरेश प्रसाद अकेला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदलने से संबंधित प्रस्ताव लाया गया है, जिसका कांग्रेस पार्टी विरोध कर रही है। धरना के माध्यम से मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल रखने तथा योजना को कमजोर करने के प्रयासों को वापस लेने की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों और मजदूरों के लिए रोजगार का महत्वपूर्ण साधन है, जिसे किसी भी हाल में कमजोर नहीं होने दिया जाएगा।इस दौरान जिला अध्यक्ष ने पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव की गिरफ्तारी को अत्यंत शर्मनाक और निंदनीय बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बेटियों को न्याय और सुरक्षा देने में विफल रही है और जो लोग उनके अधिक. ारों के लिए आवाज उठा रहे हैं, उन्हें दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार चाहे जितना भी दबाव बनाए, न्याय की लड़ाई जारी रहेगी और कांग्रेस पार्टी आम जनता तथा बेटियों के हक की लड़ाई मजबूती से लड़ती रहेगी।





